आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-160- ● कटनी ● सोमवार, 12 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



रविवार को अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाली भारतीय मूल की तीसरी महिला बन गईं सिरीशा बंदला।

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें:
WWW.yashbharat.co.in

# पुरी और अहमदाबाद में जगन्नाथ यात्रा, भक्तों के बिना भव्यता

## सिर्फ मंदिर परिसर से जुड़े विद्वानों और जरूरी लोगों को ही रथ यात्रा में शामिल होने के मंजूरी

**पुरी/अहमदाबाद।** धार्मिक नगरी पुरी और गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो चुकी है। हालांकि कोरोना संकट के कारण इस बार रथ यात्रा में श्रद्धालुओं और भक्तों को शामिल होने की इजाजत नहीं दी गई है। दोनों ही स्थानों पर इस बार सिर्फ मंदिर परिसर से जुड़े विद्वानों और लोगों को रथ यात्रा में शामिल होने के मंजूरी दी गई है। अहमदाबाद में सोमवार सुबह जगन्नाथ यात्रा की शुरुआत हुई और इस दौरान मुख्यमंत्री विजय रुपानी ने भगवान जगन्नाथ के रथ के सामने सोने की झाड़ू से सबसे पहले सफाई की, इसके बाद रथ यात्रा की शुरुआत की गई। कोरोना संकट को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद के जिस रास्ते से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है, उस रूट पर कर्फ्यू लगा दिया गया है, ताकि लोगों की भीड़ इकट्ठा न हो।



### शामिल हुए अमित शाह

गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिलहाल अहमदाबाद में ही है, इसलिए सोमवार को सुबह-सुबह उन्होंने भी रथ यात्रा में हिस्सा लिया। सुबह चार बजे आरती में अमित शाह अपने परिवार के साथ शामिल हुए और उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा की। बाद में गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया कि जगन्नाथ रथयात्रा के शुभ अवसर पर मैं अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में कई वर्षों से मंगला आरती में भाग लेता आ रहा हूं और हर बार यहां एक अलग ऊर्जा की प्राप्ति होती है।




### 13 किमी लंबे रूट पर निकल रही

अहमदाबाद मे जगन्नाथ रथ यात्रा का 13 किमी लंबे रास्ते पर निकाली जा रही है। हर वर्ष सामान्य परिस्थितियों में रथ यात्रा को पूरा होने में 10 घंटे का समय लगता है, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इस बार रथ यात्रा 4 से 5 घंटे के अंदर पूरी कर ली जाएगी। जिस रास्ते में रथ यात्रा निकल रही है, वहां कर्फ्यू लगा होने के कारण भीड़ भी ज्यादा नहीं है, इसलिए रथ यात्रा जल्द संपन्न हो जाएगी। इधर पुरी में भी जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रविवार रात 8 बजे से दो दिन के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। रथ यात्रा के रूट पर पुलिस की सख्ती बढ़ा दी गई है।

## क्विक अपडेट



### 24 घंटे में मिले 37,154 नए मरीज, 724 की गई जान

**नई दिल्ली।** महामारी की दूसरी लहर की रफ्तार थमने लगी है। कोरोना के दैनिक मामलों में गिरावट जारी है। देश में बीते 24 घंटे में 37,154 नए मरीज मिले हैं और 724 लोगों की संक्रमण से जान चली गई है। इससे एक दिन पहले यानी रविवार को 41,506 नए मरीज मिले और 895 की मौत हुई थी। कई राज्यों में अनलॉक प्रक्रिया जारी है। स्कूल-कॉलेज, शॉपिंग मॉल, दुकानें, बाजार, जिम और रेस्तरां खोलने की इजाजत दी जा रही है।

### मारा गया असम का वीरप्पन, साथियों ने ही गोली मार ली जान

गुवाहाटी। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में रविवार को उग्रवादी समूह यूनाइटेड पीपुल्स रेवल्यूशनरी फ्रंट (यूपीआरएफ) के स्वयंभू प्रमुख कमांडर को उसके ही सहयोगियों ने मार गिराया। उसे असम का वीरप्पन कहा जाता था। पुलिस ने बताया कि जिले के खेंगपीबुंग इलाके में समूह के सदस्यों के बीच हुई झड़प में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को मांग्गिन खोल्हो उर्फ वीरप्पन मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुछ मुद्दों को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई और लोगों ने एक-दूसरे पर गोलियां चला दीं। इस घटना में वीरप्पन की मौत हो गई।

### कोई तरीका हो तो अपना मुख्यमंत्री हमें दे दीजिए- आस्ट्रेलिया सांसद

**नई दिल्ली।** कोविड प्रबंधन को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विदेशों में भी तारीफ हो रही है। इस संबंध में आस्ट्रेलियाई सांसद क्रेग केली का एक ट्वीट वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने यूपी सरकार के कोविड प्रबंधन की तारीफ की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि भारत का एक राज्य उत्तर प्रदेश... क्या कोई ऐसा तरीका है कि जिससे कि वे हमें अपना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ दिनों के लिए दे दें जिससे कि वो आइवरमेक्टिन (दवा) की किल्लत से हमें निकाल सकें। जिसकी वजह से हमारे राज्य में मुश्किल हालात पैदा हो गए हैं। इसके बाद कई लोगों ने सोशन मीडिया पर अपने अपने कमेंट किये हैं।

## सुरेश रैना का विराट कोहली पर तंज-अभी तक आईपीएल तो नहीं जीत पाए



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम जब से न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारी है उसके बाद से विराट कोहली का टीम इंडिया के कप्तान भविष्य में बने रहने को लेकर बहस जारी है। कप्तानी में 33 मैच जीते हैं। क्या ऐसे में विराट को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि विराट को टीम इंडिया की कप्तानी तीनों प्रारूपों में जारी रखनी चाहिए। वहीं इस बहस में अब पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना शामिल हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य रहे सुरेश रैना ने विराट की कप्तानी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उनका मानना है कि विराट को अभी और समय दिया जाना चाहिए। उनकी कप्तानी में भारत तीन बार आईसीसी खिताब के करीब पहुंचा। जिसमें आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल, 2019 क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और हाल ही में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल। रैना को भरोसा है कि आगे तीन विश्व कप आने वाले हैं कम से कम विराट को एक आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहिए।

# आकाशीय कहर, बिजली गिरने से 60 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मानसून ने दस्तक दे दी है और कई राज्यों में जोरदार बारिश हो रही है। वहीं उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्यप्रदेश में बारिश कहर बनकर टूट रही है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बिजली गिरने से 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशीय बिजली गिरने से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पीएमओ की ओर से जारी ट्वीट में लिखा है कि राजस्थान के कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इससे अत्यंत दुख हुआ है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।



### यूपी में 44 लोगों की जान गई

वहीं, तेज बारिश के दौरान प्रदेश में रविवार को बिजली गिरने से 44 लोगों की मौत हो गई, जबकि 47 झुलस गए। मृतकों में प्रयागराज में 14, कानपुर देहात व फतेहपुर में पांच-पांच, कौशांबी में चार, फिरोजाबाद व फतेहपुर में तीन-तीन, उन्नाव, सोनभद्र व हमीरपुर में दो-दो, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, मिर्जापुर व हरदोई में एक-एक लोग शामिल हैं। इसके साथ ही 200 से अधिक मवेशियों की भी जान गई है।

### राजस्थान में 20 पर कहर

राजस्थान के कई हिस्सों में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में सात बच्चों सहित 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 21 लोग घायल हो गए। बताया गया कि इनमें अकेले जयपुर में आमेर किले के वाच टावर पर बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हुई है। जबकि कोटा जिले में चार बच्चे और धौलपुर जिले में तीन बच्चों की मौत हुई है। सूत्रों के अनुसार रविवार को आमेर किले के वाच टावर पर लोग मौसम का लुत्फ उठाने के लिए एकत्र हुए थे। तभी शाम को जबरदस्त बिजली गिरने से लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 17 लोग घायल भी हुए हैं। बचाव कार्य में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मध्यप्रदेश में भी 7 की मौत

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों में भी आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि शिवपुर जिले में दो और ग्वालियर में दो लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा शिवपुरी, अनुपुर, और बेतुल जिलों में भी एक-एक की मौत दर्ज की गई है। आईएमडी ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में बिजली कड़कने के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा गति वाली तूफानी हवाएं चलने के भी आसार जताए हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और लद्दाख में भी बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

## विवि में तैनात है मिनहाज की पत्नी, केवल रात में निकलती थी उसकी कार, बदलते थे टायर



**लखनऊ।** एयूपी में एटीएस ने आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े दो खतरनाक आतंकियों को गिरफ्तार कर लखनऊ समेत कई शहरों को दहलाने की साजिश नाकाम कर दी। इनके पास से दो प्रेशर कुकर बम और एक पिस्टल बरामद किया गया है। दोनों ने 15 अगस्त को कई शहरों में मानव बम के जरिये धमाके की साजिश रची थी। इनमें से एक मिनहाज के घर से विस्फोट के लिए तैयार किया जा रहा प्रेशर कुकर और एक पिस्टल बरामद किया गया है। इसके साथ ही मिनहाज की पत्नी और उसकी कार के बारे में भी कई तरह की संदिग्ध बातें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि मिनहाज की पत्नी इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में तैनात है। मिनहाज के घर से बरामद एक गाड़ी में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का वाहन पास भी लगा है। एटीएस ने रविवार देर शाम को मिनहाज के पिता सिराज, उसकी मां और पत्नी को हिरासत में लिया था। मिनहाज के घर के पास पंक्चर बनाने वाले दानिश ने बताया कि वह काफी वक्त से इलाके में दुकान लगा रहा है। उसने बताया कि मिनहाज के घर से बरामद एसयूवी को किसी ने गैराज से बाहर निकलते नहीं देखा। मिनहाज का पड़ोसी शाहिद रात को कभी-कभार एसयूवी निकालता था। दानिश के मुताबिक, शाहिद अक्सर पुराने टायर की मांग करता था। कई बार गाड़ी गैराज में नहीं होने पर उसने पूछा तो शाहिद टाल देता था। दानिश के मुताबिक, शाहिद और मिनहाज गैराज में खड़ी गाड़ी का टायर छह महीने में बदल लेते थे। इस पर उसे संदेह होता था। दानिश के मुताबिक, शाहिद ने मड़ियांव इलाके से पुराने तीन टायर खरीदे थे। एक टायर कम होने के कारण उससे संपर्क किया। उससे एक टायर लिया। लेकिन वह उसकी एसयूवी में नहीं लग सका। इसके बाद लौटाने आए तो दानिश ने मना कर दिया।

# निजी स्कूलों की ऑनलाइन शिक्षा पर भी ताला

## अनिश्चितकालीन छुट्टी की चेतावनी, सरकार से कीं कई मांग

**भोपाल।** सीबीएसई और माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध प्रदेश के करीब 65 हजार निजी स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे। शिक्षण शुल्क बढ़ाए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर सीबीएसई सहित अन्य सभी निजी स्कूलों की ऑनलाइन कक्षाएं आज संचालित नहीं होंगी। निजी स्कूल संचालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। इस संबंध में वे स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव, राज्य शिक्षा केंद्र के आयुक्त से मिलने के बाद निर्णय लेंगे। हालांकि, राजधानी में कुछ सीबीएसई स्कूल हड़ताल में शामिल नहीं हैं। यहां पर यह बता दें कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीसरी लहर की आशंका खत्म होने तक स्कूल बंद रखने एवं स्कूल संचालकों द्वारा शिक्षण शुल्क के अलावा कोई अतिरिक्त राशि नहीं लेने का एलान किया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। इसके विरोध में निजी स्कूल संचालकों ने सोमवार को ऑनलाइन कक्षा बंद रखने का निर्णय लिया है। स्कूल संचालकों का तर्क है कि पिछले 15 माह से स्कूल बंद हैं, लेकिन खर्चे जारी हैं। सरकार ने निजी स्कूलों को किसी तरह की आर्थिक मदद तो की नहीं है, उल्टा इस सत्र में भी केवल शिक्षण शुल्क लेने का एकतरफा फैसला लिया है। एसोसिएशन ऑफ अनएडेड प्रायवेट स्कूल्स के उपाध्यक्ष विनीराज मोदी का कहना है कि सरकार स्कूल खोलने का निर्णय नहीं कर रही है। ऊपर से ऐसे निर्णय थोप रही है, जो जायज नहीं है। उनका कहना है कि सोमवार को एक दिन हड़ताल रहेगी। इसके बाद पीएस से मुलाकात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। वहीं, मप्र प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजित सिंह का कहना है कि अभिभावकों से पिछले साल की बकाया फीस दिलवाई जाए। साथ ही स्कूलों की मान्यता का नवीनीकरण पांच साल के लिए किया जाए।



# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पेट्रोल की कीमतों को बताया बड़ी समस्या

## कहा-हमें वैकल्पिक ईंधन पर काम करना जरूरी, सरकार बना रही नीति



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में देश के पहले वाणिज्यिक तरल प्राकृतिक गैस फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान गडकरी ने कहा कि एलएनजी, सीएनजी और इथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के अधिक उपयोग से पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी, जिसकी वजह से लोग परेशान हैं और आंदोलन कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि वाहन ईंधन के रूप में इथेनॉल का उपयोग पेट्रोल की तुलना में 20 रुपये प्रति लीटर बचाने में मदद करेगा। एलएनजी के आर्थिक लाभ पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि एक पारंपरिक ट्रक इंजन को एलएनजी इंजन में बदलने की औसत लागत 10 लाख रुपये है। ट्रक साल में लगभग 98,000 किमी चलते हैं, इसलिए एलएनजी में बदलने के बाद 9-10 महीनों में प्रति वाहन 11 लाख रुपये की बचत होगी। गडकरी ने कहा, हम लोग अपनी अर्थव्यवस्था में पेट्रोल-डीजल और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 8 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। हमने एक नीति तैयार की है, जो प्रदूषण मुक्त व स्वदेशी इथेनॉल, जैव सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन को प्रोत्साहित करती है।

## ट्रक ने बाइक पर जा रहे तीन लोगों को कुचला




**छतरपुर।** जिले के बिजावर अनुभाग के तहत दमोतीपुरा तिग्गड्डा के पास रविवार रात करीब नौ बजे ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार तीनों लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद ड्रायवर ट्रक लेकर भागा जरूर, लेकिन पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक जमुनिया पुरवा थाना पीपट के 20 वर्षीय रवि पिता जीवन कुशवाह, 25 वर्षीय हरचरण पिता बंदी कुशवाह व अशोक पिता मोहन कुशवाह बाइक से रविवार रात किसी काम से जा रहे थे। जब वे दमौतीपुरा के तिगड्डा के पास पहुंचे तो ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। चूंकि घटना रात करीब 9 बजे की है। इसलिए काफी देर तक शव सड़क पर पड़े रहे। जब सड़क से लोग गुजरे तो पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि तब मृतकों की पहचान नहीं हुई। लेकिन बाद में उनके मोबाइल व उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर शिनाख्त हुई। और उनके स्वजनों को सूचना दी गई। शवों को बिजावर पीएम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद बाइक को कुचलने वाले ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है। हालांकि ड्रायवर भागने में सफल हो गया।

## योगी के नेतृत्व में ही अगला चुनाव- स्वतंत्र देव



**लखनऊ।** यूपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह का कहना है कि पार्टी अब विधानसभा चुनाव के मोड में आ गई है। पार्टी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सामूहिक रूप से लड़ेगी। चुनाव में विकास व राष्ट्रवाद अहम मुद्दे होंगे।

## भारत में जल्द लगेगा 12 से 18 साल के बच्चों को कोरोना का टीका



**नई दिल्ली।** तीसरी लहर को देखते हुए सरकार स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं के बाद अब बच्चों को टीका लगाने की योजना बना रही है। इसके तहत पहले 12 से 18 साल के बच्चों को टीका दिया जाएगा। बच्चों का दूसरे चरण का टीकाकरण सितंबर महीने के बाद होगा।इस योजना को शुरू करने के लिए फिलहाल सरकार जाइडस कैडिला की डीएनए वैक्सीन पर विशेषज्ञ कार्य समिति (एसईसी) की सिफारिशों का इंतजार कर रही है। वैक्सीन को आपात इस्तेमाल की अनुमति मिलने के बाद बच्चों को भी यह दी जा सकती है। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीकाकरण में बच्चों को भी शामिल करने की योजना बन चुकी है। चूंकि जाइडस कैडिला की वैक्सीन परीक्षण में 12 साल तक के बच्चे शामिल थे। इसलिए वैक्सीन को आपात इस्तेमाल की अनुमति मिलने के बाद वयस्कों के साथ 12 साल तक वालों को वैक्सीन मिलेगी। यह पहला चरण होगा जोकि इसी माह शुरू होने के बाद सितंबर माह तक चलेगा।




# दस साल से लंबित मामलों में खात्मा लगा रहा ईओडब्ल्यू

## मध्यप्रदेश में लंबित हैं कई मामले




**भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) दस साल से लंबित मामलों में खात्मा लगा रहा है। हाल ही में 25 से अधिक मामलों में खात्मा रिपोर्ट पेश की है। इस कवायद का उद्देश्य बेनतीजा रही शिकायतों का बोझ कम करना है। जिन मामलों में एफआइआर हो चुकी है, उनकी जांच में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। मालूम हो, आर्थिक अपराध से संबंधित मामलों की शिकायत कोई भी व्यक्ति ईओडब्ल्यू में कर सकता है। इनकी जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाती है। जांच के बाद एफआइआर की कार्रवाई की जाती है। शिकायतों की संख्या काफी अधिक होने से मामले लंबित होते जाते हैं। अब जांच एजेंसी की ओर से तय किया गया है कि वर्ष 2011 तक के उन मामलों में खात्मा किया जाए, जिनमें अभी तक कार्रवाई का ठोस आधार नहीं मिला है। इससे लंबित मामलों में कमी आएगी और पुरानी जांचों का अधिकारियों को किया गया आवंटन कम होगा। जांच अधिकारियों की कमी गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू में लंबे समय से जांच अधिकारियों की कमी है। इनकी पूर्ति भी नहीं की जा रही है। इसका असर काम पर पड़ता है। बताया जा रहा है कि बल कम होने के कारण एक-एक अधिकारी के पास निर्धारित संख्या से अधिक प्रकरण हैं, जिससे इनकी जांच और निराकरण में भी देरी हो रही है। ईओडब्ल्यू के प्रभारी महानिदेशक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि अधिकारियों से कहा गया है कि ऐसे मामले, जिनमें कार्रवाई की जा सकती है, उनकी जांच में तेजी लाकर किसी नतीजे पर पहुंचा जाए। जिन शिकायतों में कार्रवाई का आधार नहीं है, उन्हें समाप्त किया जाए। अभी ऐसे 25 से अधिक मामलों को समाप्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि जांच एजेंसी के पास अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी लंबे समय से बनी हुई है।

## यूपी में आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद मध्य प्रदेश में अलर्ट: नरोत्तम मिश्रा



**भोपाल।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मध्य प्रदेश में भी अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी विवेक जौहरी को सिमी और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़े संदेही लोगों की पहचान और निगरानी करने को कहा गया है। कोरोना आपदा में पीड़ितों की मदद करने के बजाय सिर्फ मौतों के बारे में भय और भ्रम फैलाकर कांग्रेस के नेताओं ने साबित कर दिया है कि उनमें सेवा की मानसिकता नहीं है। कमल नाथ और राहुल गांधी जनता के बीच जाने के बजाय इन दिनों लाशों पर राजनीति कर हैं। मध्य प्रदेश नक्सलियों का नेटवर्क खत्म करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। प्रदेश में हम किसी भी सूरत में नक्सलवाद को फैलने नहीं देंगे।



कटनी, जबलपुर, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

बरही से बोलती तस्वीर

# इन पर लगाम कसने किसकी है जिम्मेदारी?



सड़क पर गिट्टी छलकाते बेख़ौफ गुजर रहे भारी वाहन, हद दर्जे की लापरवाही, मंडराता खतरा, खुली छूट

**बरही।** यह हद दर्जे की लापरवाही को बयां कर रही बोलती तस्वीर देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस कदर नियम-कायदों को रौदते हुए ओव्हरलोड ये भारी वाहनों से न सिर्फ दिनभर खतरा मंडराया रहता हैए बल्कि सड़क में गिट्टी छलकाते किस कदर ये भारी वाहन किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे है।

यह सारी कहानी बयां करती तस्वीर बरही नगर की हैए जो क्षेत्र में संचालित क्रशर प्लांटों से गिट्टी लोडकर पूरे मार्ग में दानवी गति से रेलम.पेल दौड़ रहे है और इन पर कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार खमोश रहकर न जाने क्यों तमाशबीन बने हुए है। शायद किसी बड़े हादसे का जिम्मेदार इंतजार कर रहे है।

# नृत्य व संगीत की शानदार प्रस्तुति

### सायना का 15वां स्थापना दिवस समारोह,सायना किड्स ने भी मनाया तीसरा स्थापना दिवस



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी का 15 वाँ स्थापना दिवस भगवान गणेश व माता सरस्वती के पूजन व हवन के साथ सोउल्लास सम्पन्न हुआ। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, किड्स प्रभारी श्रीमती भारती शर्मा एवं मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा ने सायना किड्स स्कूल में हवन पूजन किया तदोपरांत सायना इंटरनेशनल स्कूल में आकर सायना स्टाफ के साथ पूजन किया गया। स्कूल के बच्चों को जिम्मेंदारी देते हुए किड्स में पहली बार हैडबॉय शौर्य अरोरा और हैडगर्ल समृद्धि पाण्डे को नियुक्त किया गया। वहीं सायना इंटरनेशनल स्कूल में हैडबॉय भरतदेव सिंह, हैडगर्ल नव्या तिवारी और मीनाक्षी सिसौदिया को स्कूल कैप्टन को नियुक्त किया गया। वर्चुअल सांस्कृतिक कार्यक्रम में नेहल अग्रवाल ने सायना की यात्रा का वर्णन करते हुए सभी को बधाई दी। वही छात्र-छात्राओं ने नृत्य व संगीत की शानदार प्रस्तुति दी। सायना के प्राचार्य ने सायना की उपलब्धियों को बताते हुए कोविड महामारी में संभल कर रहने व सुरक्षात्मक उपाय अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में हैडबॉय और हैडगर्ल ने आभार ज्ञापित किया। सायना के स्थापना दिवस के अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक, सचिव श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक पूर्व महापौर, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री, युवा समाजसेवी यश संजय सत्येंद्र पाठक ने सभी को बधाइयाँ प्रेषित की हैं।



# चिकित्सा सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### अशासकीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की शोकसभा

**कटनी।** कोविड-19 के दौरान मानव जीवन बचाते-बचाते अपनी जान की आहूति दे बैठे चिकित्सा सैनिकों को कैंडिल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता डॉ बी के पटेल, कार्यक्रम प्रभारी रामू रजक ने की। इस दौरान ईश्वर से प्रार्थना की गई कि हे ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे व शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस दौरान डॉ अर्जुन पटेल, रामू रजक, राहुल जैन, बसंत साहू, डॉ कनौजिया, मनोज रजक, राहुल बढौलिया, सन्नी मलिक, माधुरी चौधरी, ईशा गाते, शान्ति, डॉ दीपक बर्मन, डॉ राजकुमार, संजय, मुकेश, शिवानी, नीरज पटेल शासकीय अस्पताल से अंसारी सिस्टर, मैरी सिस्टर, सीमा सिस्टर सहित समस्त सटाफ की उपस्थिति रही।

# कोरोना योद्धा चिकित्सकों का हुआ सम्मान



**कटनी।** अखिल भारती ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्रा व सावित्री तिवारी के निर्देशानुसार अखिल भारती ब्राह्मण समाज कटनी इकाई द्वारा कोरोनाकाल में शासकीय चिकित्सों द्वारा दी गयी अच्छी सेवाओ को देखते हुए समाज की महिला इकाई ने जबलपुर सम्भाग के कार्यकारी अध्यक्ष मीरा भार्गव के निर्देशन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के सभागार में सम्प्पन हुआ। लगभग 20 से अधिक चिकित्सों का सम्मान किया गया सम्मानित चिकित्सों में मुख्य स्वास्थ अधिकारी डॉ प्रदीप मुड़िया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, डॉ एसपी सोनी, डॉ सुनीता वर्मा, डॉ राजेन्द्र ठाकुर, डॉ समीर सिंघई, डॉ दिनेश बरोडा, डॉ आरती सोंधिया, डॉ अमित प्यासी, डॉ नरेंद्र झामनानी, डॉ सुनीता सिंह, डॉ जयप्रकाश वर्मा, डॉ श्रद्धा दिवेधी, डॉ राजीव दिवेधी, डॉ संजय शिवहरे, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ राशि गुप्ता, डॉ अंचल शर्मा, डॉ अंचल जसूजा, कार्तिकेय पाठक, डॉ गणेश श्रीवास्तव, प्रखर डॉ निखलेश तिवारी व जिला अस्पताल की मीडिया प्रभारी अनिता उशरेठे का सम्मान किया गया। मुख्य रूप से सम्मानित करने बाली अखिल भारती ब्राह्मण समाज महिला इकाई की रेखा अंजू तिवारी, मनीषा प्यासी, ममता गर्ग, शांति शर्मा, रंजना गर्ग, मनीषा पाठक, पूर्णा त्रिपाठी, शामिल थी। कार्यक्रम में पत्रकारों को भी कोरोना यौद्धा से संम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार मनीषा प्याशी ने व्यक्त किया।

# रोजगार दिलाने 15 जुलाई से आयोजित होंगे रोजगार कैम्प

**कटनी।** जिले के शिक्षित एवं बेरोजगारों को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड अनूपपुर द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों में रोजगार कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इन कैम्प के आयोजन को लेकर कैलेण्डर भी जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार 15 जुलाई से 23 जुलाई तक अलग-अलग विकासखण्डों में यह कैम्प आयोजित होंगे। रोजगार कैम्प के आयोजन को लेकर सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले की समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ तथा विकासखण्डों के विकासखण्ड प्रबंधक मध्यप्रदेश डे राज्य आजीविका मिशन को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। जारी कैलेण्डर अनुसार बहोरीबंद विकासखण्ड में 15 जुलाई को रोजगार कैम्प का आयोजन जनपद पंचायत बहोरीबंद में होगा। इसी प्रकार 16 जुलाई को रीठी जनपद पंचायत, 19 जुलाई को ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत, 20 जुलाई को विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत, 22 जुलाई को कटनी जनपद पंचायत और 23 जुलाई को बड़वारा जनपद पंचायत में किया जायेगा। रोजगार कैम्प के संबंध में अधिक जानकारी के लिये एसआईएस के भर्ती अधिकारी नारायण शर्मा के मोबाईल नंबर 7465837287 अथवा 8817240359 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बड़गांव में शत-प्रतिशत कोरोना वेक्सीनेशन




**कटनी।** वेक्सीनेशन महा-अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुये रीठी विकासखण्ड की तीन ग्राम पंचायतें जिले में नजीर के रुप में सामने आई हैं। यहां बाशिंदों ने जिले के हर एक नागरिक के सामने अपने आप को मिसाल के रुप में सामने रखा है। इन तीनों ही ग्राम पंचायतों में कोरोना संक्रमण से बचाव की इस लड़ाई में शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण कराकर सम्पूर्ण ग्राम पंचायत को सुरक्षा का कवच प्रदान किया है। ग्रामीणों की जागरुकता और प्रशासनिक अमले की मेहनत का ही परिणाम रहा कि पहले जहां 26 जून को रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा शत्-प्रतिशत व्यक्तियों के कोविड वेक्सीनेशन वाली पहली ग्राम पंचायत बनी। वहीं टीम भावना के साथ काम करने का सार्थक परिणाम पटौंहा ग्राम पंचायत में भी सामने आया।

### टीम की मेहनत से मिला परिणाम

रीठी विकासखण्ड की ही ग्राम पंचायत पटौंहा जिले की ऐसी दूसरी ग्राम पंचायत बनी है, जहां पात्र सौ फीसदी व्यक्तियों कोरोना से बचाव के लिये टीका लगाया जा चुका है। इसके बाद 10 जुलाई में रीठी विकासखण्ड की ही ग्राम पंचायत बड़गांव में भी शत्-प्रतिशत कोविड-19 वेक्सीनेशन का कार्य पूरा हुआ है और अब यह जिले की सौ फीसदी वेक्सीनेशन पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों में शामिल हो गई है। एसडीएम बलबीर रमन ने जानकारी देते हुये बताया कि शनिवार 10 जुलाई को रीठी जनपद की ग्राम पंचायत बड़गांव में शत्-प्रतिशत लोगों को वेक्सीनेशन पूरा हो चुका है। इस ग्राम पंचायत में मतदाता सूची के अनुसार 3851 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें से 218 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं गंभीर बीमारी व वृद्धावस्था के 135 लोग शामिल है। ग्राम से बाहर व्यक्तियों की संख्या 213, गर्भवती व धात्री माताओं की संख्या 122 तथा विवाहित बालिकाओं की संख्या 109 है। इनके अलावा शेष बचे 3064 नागरिकों का वेक्सीनेशन शत्-प्रतिशत किया जा चुका है।

# 14 जुलाई तक नहीं होंगे कोविड-19 वेक्सीनेशन सत्र

### 13 को होगा सामान्य टीकाकरण

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त जिला टीकाकरण अधिकारियों को 12 जुलाई एवं 14 जुलाई को कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं। जिसकी जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि 12 से 14 जुलाई तक जिले में कोविड-19 वेक्सीनेशन सत्रों का आयोजन नहीं होगा। वहीं 13 जुलाई मंगलवार को जिले में नियमित टीकाकरण सत्र यथावत् संचालित किये जायेंगे। इस अवधि में जिले में गर्भवती माताओं के लिये कोविड-19 टीकाकरण के लिये भारत शासन से प्राप्त ऑपरेशनल गाईड लाईन का प्रशिक्षण बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, बीईई तथा सीडीपीओ-आईसीडीएस को 12 से 14 जुलाई के बीव पूर्ण करने के निर्देश भी जारी किये गये हैं। साथ ही कोल्ड चेन उपकरणों एवं वेक्सीन वाहनों का प्रिवेन्टिव मेन्टिनेन्स, रख रखाव का कार्य करने और रिकॉर्ड टेम्परेचरबुक व लॉगबुक में इंद्राज करने की गतिविधियां की जायेंगी। कोल्ड चेन फोकल पॉईन्ट स्तर पर उपलब्ध कोविड-19 वेक्सीने का सत्यापन संधारित स्टॉक रजिस्टर अनुसार किया जायेगा।



# पारिवारिक रंजिश में गौमाता की हत्या

**कटनी।** कन्हवारा बड़े तालाब के पास आपसी रंजिश के चलते गाभिन गौ माता की की गई हत्या। आरोपी मौका ए वारदात से फरार हो गया। गौ मालिक रवि पटेल द्वारा बताया गया दोनों परिवार में आपसी रंजिश के चलते गौ माता की की गई हत्या। पैरों को बांधकर गौ माता को बुरी तरह पीटा गया जिस कारण गाभिन गौ माता ने प्राण त्याग दिए। विजयराघवगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया गया है। गौ भक्तों द्वारा आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की गई मांग।

# आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि बढ़ाई गयी

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत, सत्र 2021-22 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन को सत्यापन केन्द्र में जाकर सत्यापन कराने की अंतिम तिथि सोमवार, 12 जुलाई 2021 तक बढ़ाई गई है। पहले यह 10 जुलाई 2021 निर्धारित की गई थी। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस ने बताया कि कोरोना संकटकाल की किन्ही परिस्थितियों के कारण कोई पात्र बच्चे का आवेदन सत्यापन से वंचित न रह जाये इसे ध्यान में रखते हुये आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। सभी सत्यापन अधिकारियों को 12 जुलाई 2021 तक सत्यापन कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि सत्र 2021-22 में प्रायवेट स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 जुलाई 2021 निर्धारित थी, जिसमे 2 लाख 84 हजार सीटों के विरूद्व लगभग 1 लाख 99 हजार ऑनलाइन आवदेन प्राप्त हुये है। सत्यापन केन्द्र में जाकर सत्यापन कराने की अंतिम तिथि पहले 10 जुलाई 2021 निर्धारित थी इसमे बहुत अधिक संख्या मे लोगो ने सत्यापन करा लिया है। 10 जुलाई 2021 को सायं 05 बजे तक की जानकारी अनुसार 1 लाख 72 हजार बच्चों ने सत्यापन करा लिया है। पालकों और अभिभावकों को 12 जुलाई 2021 तक सत्यापन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है इसके पश्चात सत्यापन कार्य बंद कर दिया जाएगा और सत्यापन में पात्र पाये गये बच्चों को आनलाइन लॉटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा।

# कटनी में मेडिकल कॉलेज जनता का सपना

### नए स्वास्थ्य मंत्री से कांग्रेस ने की मांग,सांसद के नए सिरे से मांग पर पर मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री पर शंका

**कटनी।** जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के लिए वर्षों पुरानी मांग रही है एवं विभिन्न दृष्टिकोण से कटनी मैं मेडिकल कॉलेज खोला जाना उचित होगा तत संबंध में जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मनसुख मंडाविया मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखकर अवगत कराया कि उन्होंने 14 फरवरी 2018 को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर मांग पर पुनर्विचार करने हेतु उन्हें पत्र लिखा है

कटनी के सांसद द्वारा नए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर नए सिरे से कटनी में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग पर आश्चर्य व्यक्त किया है उनकी इस मांग से यह बात स्पष्ट होती है कि मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग कि कटनी दौरे के उपरांत शासन स्तर पर कटनी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने अपने पत्र पर अवगत कराया है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रत्येक 100 किलोमीटर के अंदर मेडिकल कॉलेज खोले जाने का निर्णय लिया था मेडिकल काउंसिल ऑफइंडिया स्टेबलिसमेंट ऑफ मेडिकल कॉलेज रेगुलेशन 1999 के अनुसार कटनी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए उचित स्थान है। उन्होंने कहा






कि कटनी खजुराहो लोक सभा क्षेत्रों का एक मात्र सबसे बड़ा शहर है कटनी रेलवे स्टेशन देश का बड़ा रेल जंक्शन है जहां मुंबई दिल्ली कोलकाता बेंगलुरु हैदराबाद सभी तरफ से सीधे ट्रेन चलती है। जिससे मेडिकल इक्विपमेंट जल्दी कटनी आ सकेंगे कटनी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 7 एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 78 के नव निर्माण से आवागमन हेतु अच्छा रास्ता प्रशस्त हुआ है। कटनी से छतरपुर पन्ना टीकमगढ़, दमोह, सतना जिले से रेल एवं सड़क मार्ग से अच्छी कनेक्टिविटी है।

कटनी से मात्र 60 किलोमीटर दूर उमरिया हवाई पट्टी स्थापित है कटनी से 100 किलोमीटर दूर जबलपुर मे एयरपोर्ट सुविधा होने से भी लाभ मिलेगा। कटनी के झिंझरी क्षेत्र में पर्याप्त सरकारी भूमि है जिसमें मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो सकती है। भारत सरकार द्वारा बुंदेलखंड पैकेज मे हजारों करोड़ रुपए पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ जिले के शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए दिया गया है कटनी ही एकमात्र उचित स्थान है। नए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से पूर्व जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान द्वारा प्रेषित पत्र पर उचित कार्रवाई कर कटनी मे मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है पत्र की एक प्रति प्रियंक मिश्रा कलेक्टर जिला कटनी से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त पत्र पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
श्री राम हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 12 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# बाघ की एक और तेंदुए की चार खालों के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

## खालों को चीन भेजने की थी तैयारी, डब्ल्यूसीसीबी जबलपुर के साथ कालाहांडी उड़ीसा और छत्तीसगढ़ वन विभाग की कार्रवाई

**कटनी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद स्थित उदंती सीता नगर टाइगर रिजर्व और उड़ीसा के कालाहांडी की सीमा पर सक्रिय वन्य प्राणियों के बड़े शिकारी गिरोह के 6 आरोपियों से एक बाघ और चार तेंदुओं की खाल समेत बाघ के 2 नाखून और तेंदुए की 1 दांत जप्त किया गया है। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) जबलपुर, वन विभाग उड़ीसा और छत्तीसगढ़ वन विभाग की 15 सदस्यीय टीम ने 9 जुलाई को 24 घंटे से ज्यादा समय तक शिकारियों को पकड़ने का अभियान चलाया।



### छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा पर सक्रिय था गिरोह

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया किए वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिकारियों का ये गिरोह छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा पर सक्रिय था। बाघ और तेंदुआ की खाल नेपाल और वर्मा के रास्ते चीन भेजने की तैयारी चल रही थी। एजेंट से बातचीत की जानकारी वन विभाग तक पहुंची और शिकारियों को पकड़ने का अभियान चलाया गया।

### ऐसे गिरफ्त में आए शिकारी

तस्करों को पकड़ने के लिए डब्ल्यूसीसीबी मध्य क्षेत्र जबलपुर की टीम के साथ कालाहांडी उड़ीसा और उदंती सीता नगर टाइगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ की विशेष टीम ने पहले रायपुर में पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी के साथ मीटिंग की। वहां से पीसीसीएफ उड़ीसा से चर्चा के बाद आरोपियों को पकड़ने की योजना बनाई। उदंती सीता नगर टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ के डीएफओ आयुष जैन के निर्देशन पर रेंजर योगेश कुमार रात्रे की अगुवाई में शिकारियों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। टीम ने पहले रामपुर उड़ीसा में छापामार कार्रवाई की। यहां दो तेंदुआ खाल और एक बाघ की खाल सहित बाघ के एक नाखून और तेंदुआ के एक दांत के साथ चार शिकारियों को गिरफ्तार किया। इनसे मिले इनपुट के बाद जुनागढ़ उड़ीसा में दूसरी छापामार कार्रवाई की गई। यहां 2 आरोपियों से तेंदुआ की दो खाल और बाघ का एक दांत जप्त किया गया। फिलहाल सभी 6 शिकारी आरोपियों से उड़ीसा के रामपुर और जुनागढ़ रेंज ऑफिस में पूछताछ चल रही है। 11 जुलाई को इन्हे कालाहांडी उड़ीसा न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### एक साल के दौरान शिकार

संयुक्त टीम में शामिल अधिकारियों के अनुसार शिकारियों के इस गिरोह ने एक साल के दौरान छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा के वनक्षेत्र में इन वन्यप्राणियों का शिकार किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों के नाम और जानकारी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। नेटवर्क में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान



# बारिश की अटकलों के बीच सूखे बीत रहे आषाढ़ के दिन

**कटनी।** मौसम के बदले मिजाज के चलते गत दिनों शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद ये कयास लगाए गए कि अब मानसून सक्रिय हो गया है। अब जोरदार बारिश होगी। मौसम विभाग ने ने भी यह संभावना जताई थी कि 10 जुलाई के बाद झमाझम बारिश हो सकती है लेकिन बारिश की अटकलों के बीच हर दिन सूखा ही बीत रहा है। दिन भर सूरज की चुभती धूप के बीच बादलों की आवाजाही तो होती रहती है लेकिन पानी की एक बूंद तक नहीं गिरती। तेज धूप और वातावरण में छाई उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर होते रहे। हालांकि मौसम विभाग ने एक बार कटनी सहित जबलपुर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

### लोगों को झमाझम का इंतजार

आषाढ़ मास में भी पानी न गिरने से लोगों के साथ ही किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। लोग बेसब्री से मानसून में होने वाली झमाझम बरसात के इंतजार में हैं लेकिन बारिश हो ही नहीं रही है। अब तो अच्छी बारिश को लेकर लोगों ने इंद्रदेव से कामना करनी शुरु कर दी है। बहरहाल सुबह से शाम तक आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी हुई है। उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है। मौसम विभाग की माने तो शाम तक या रात में गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते है।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाती है भुट्टों की मांग

## शहर से लेकर हाइवे के किनारे भुट्टा कार्नर कर रहे लोगों को आकर्षित

**कटनी।** झमाझम बारिश और गरम-गरम भुट्टे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। मौसम आ गया है भुट्टे का लुत्फउठाने का। शहर से लेकर हाइवे में जगह-जगह भुट्टे के कॉर्नर बने हुए हैं। जहां पर इसकी कई वेरायटी उपलब्ध हैं और लोग इनका स्वाद ले रहे हैं। कोई स्वीट कॉर्न, तो कोई मसाले वाले कॉर्न लको खाना पसंद कर रहा है। सिके हुए देशी भुट्टे हों या फिर स्टीम में पके अमेरिकन कॉर्न, दोनों का अपना ही मजा है। स्वाद तो इनका मजेदार होता ही है, सेहत के फायदे भी बहुत हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के तेवरी क्षेत्र में हाइवे के किनारे स्थित एक भुट्टे के कार्नर में भुट्टा का लुत्फ उठाते हुए पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने बताया कि भुट्टा सेहत के लिए अच्छा होता है। भुट्टे का सीजन है लोगों को इसे खाना चाहिए। हालांकि अभी मानसून सक्रिय होने के बावजूद बारिश नहीं होने से भुट्टे की बिक्री कुछ कम है लेकिन शहर से लेकर हाइवे के किनारे भुट्टा कार्नरों में इसका स्वाद चखने लोग पहुंच रहे हैं।



पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक ने उठाया लुत्फ, गिनाए फायदे

### भुट्टा खाने से शरीर को कई फायदे

भुट्टे बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी खाने चाहिए। इससे उनके दांत मजबूत होते हैं। भुट्टे को पकाने के बाद उसके 50 प्रतिशत एंटी-अक्सीडेंट्स बढ़ जाते हैं। यह बढ़ती उम्र को रोकता है और कैंसर से लड़ने में मदद करता है। पके हुए भुट्टे में फोलिक एसिड होता है जो कि कैंसर जैसी बीमारी में लड़ने में बहुत मददगार होता है। भुट्टे में मिनरल्स और विटामिन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। भुट्टे को एक बेहतरीन कोलेस्ट्रॉल फाइटर माना जाता है जो दिल के मरीजों के लिए बहुत अच्छा है। बच्चों के विकास के लिए भुट्टा बहुत फायदेमंद माना जाता है। ताजे दूधिया (जो पूरी तरह से पका न हो) मक्का के दाने पीसकर एक खाली शीशी में भरकर उसे धूप में रखिए। जब उसका दूध सूखकर उड़ जाए और शीशी में केवल तेल रह जाए तो उसे छान लीजिए। इस तेल से बच्चों की मालिश करने से बच्चे के पैर मजबूत होते हैं और वो जल्दी चलने लगते हैं।

### टीबी मरीजों के लिए भी है फायदेमंद

टीबी के मरीजों के लिए मक्का बहुत फायदेमंद है। टीबी के मरीजों को या जिन्हें टीबी होने की आशंका हो हर रोज मक्के की रोटी खाना चाहिए। इससे टीबी के इलाज में फायदा होगा। यदि गेहूं के आटे के स्थान पर मक्के के आटे का प्रयोग करें तो यह लीवर के लिए अधिक लाभकारी है। यह प्रचुर मात्रा में रेशे से भरा हुआ है इसलिए इसे खाने से पेट अच्छा रहता है। इससे कब्ज, बवासीर और पेट के कैंसर के होने की संभावना दूर होती है। भुट्टे के पीले दानों में बहुत सारा मैग्नीशियम, आयरन, कॉपर और फॉस्फोरस पाया जाता है। जिससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। एनीमिया को दूर करने के लिए भुट्टा खाना चाहिए क्योंकि इसमें विटामिन बी और फोलिक एसिड होता है। गर्भवती महिलाओं को भी भुट्टे को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। क्योंकि इसमें फोलिक एसिड पाया जाता है जो गर्भवती के लिए बेहद जरूरी है।

# हजारों परिवारों का पेट भरते हैं साप्ताहिक हाट-बाजार

## 4 महीने से बाजार बंद होने से दाने-दाने को मोहताज हो रहे छुटपुट व्यापारी और मजदूरपेशा लोग

**कैमोर।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान अप्रैल माह में शासन द्वारा लॉकडाऊन घोषित कर सभी बाजारों को बंद करा दिया गया था। कोरोना की लहर जैसे-जैसे धीमी पड़ती चली गई। वैसे-वैसे बाजारों को रियायत मिलती चली गई। वर्तमान में सभी तरह के बाजारों को सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुले रखने की छूट मिल चुकी है पर ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजारों को खोले जाने के आदेश अब तक जारी नहीं किए गए। साप्ताहिक हाट बाजार ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था का एक अहम हिस्सा हैं इनसे न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों परिवारों का पेट पलता है बल्कि मजदूर वर्ग के लोगों को भी सप्ताह भर के लिए रोजी-रोटी का जुगाड़ हो जाता है। सप्ताहिक हाट बाजारों के बंद होने से अनेक परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे।



उल्लेखनीय है कि कैमोर नगर में प्रति रविवार और बुधवार को सप्ताहिक बाजार लगता था, विजयराघवगढ मुख्यालय में प्रति सोमवार को, श्रमिक बाहुल्य महगांव क्षेत्र में शनिवार को, खनिज श्रमिक वाले क्षेत्र बंधी में शुक्रवार को बड़े साप्ताहिक बाजार भरते हैं। इसके अलावा महगांव से लगे झुकेही में, बरही में एवं खितौली में भी अलग अलग दिनों में साप्ताहिक बाजार लगते हैं। क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारी इन बाजारों में अपनी दुकानें लगाकर अपनी वस्तुओं का विक्रय करते हैं।

लोगों को सब्जी भाजी से लेकर अनाज गल्ला, कपड़े, बर्तन, सहित जरूरत की सभी चीजें इन हाट बाजारों से उपलब्ध हो जाती है। पल्लेदारी एवं ठेले-ठिलियों के माध्यम से रोजगार कमाने वाले मजदूर वर्ग के हजारों लोगों की रोजी-रोटी का आसरा भी ये साप्ताहिक बाजार ही होते हैं। बहुत से परिवार इन साप्ताहिक बाजारों में चाय-पान की दुकानें लगाकर अपना गुजर-बसर कर लेते हैं।

पिछले अप्रैल महीने से अब तक लगभग 4 महीने हो गए पर इन बाजारों को अभी तक खोलने की इजाजत नहीं दी गई जिससे इन बाजारों से अपना पेट पालने वाले हजारों परिवार भूखों मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

### एसडीएम ने कलेक्टर को भेजा है पत्र

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयराघवढ़ क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर विजयराघवगढ़ क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों को अनुमति दिए जाने की मांग की गई थी। जिस पर एसडीएम द्वारा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर मार्गदर्शन चाहा गया था। बताया गया कि इस संबंध में अभी तक कलेक्टर की ओर से आदेश जारी नहीं किए गए। इसीलिए इन साप्ताहिक बाजारों को अब तक नहीं खोला जा सका। छोटा-मोटा व्यापार कर अपनी जीविका चलाने वाले व्यापारियों सहित क्षेत्रीय रहवासियों ने भी कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### मनमाने रेट पर बिक रही सब्जियां

कैमोर क्षेत्र में रहने वाले एसीसी कर्मचारियों सहित अन्य रहवासियों की सब्जी-भाजी की आपूर्ति साप्ताहिक बाजार से होती थी, जहां लोगों को उचित रेट पर ताजी सब्जियां उपलब्ध हो जाती थीं। कोरोनाकाल में साप्ताहिक बाजार बंद कर दिए जाने के बाद केवल इक्का-दुक्का व्यापारी ही सब्जी और फलों की दुकानों का संचालन कर रहे। लगभग एकाधिकार जैसी स्थिति होने के कारण इन व्यापारियों द्वारा मनमानी कीमतों पर सब्जियों एवं फलों का विक्रय किया जा रहा। बाजार न खुलने की वजह से लोगों को मजबूरी में महंगे दामों पर सब्जियां खरीदनी पड़ रही।



# विजयराघवगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नियुक्ति

**विजयराघवगढ़।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रकोष्ट के अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू तथा कांग्रेस के माहसचिव एवं म.प्र. प्रभारी मुकुल वासनिक की सहमति से खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग की कार्यकारिणी की गठन के लिए विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ के अंतर्गत विकास पाण्डेय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजयराघवगढ़, शरद द्विवेदी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिनगौड़ी एवं संजय बिलौन्हा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बरही के सहमति से तीनों ब्लॉकों के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात कर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभागद्ध के प्रवक्ता मारूफ अहमद हनफी लोकसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग इस्तियाक अहमद जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कटनी उपाध्यक्ष हुसैन रिज़वी, रामधनी पटेल, शेख हकीम खान, विनोद कुमार साहू गुलाम क़ादिर अंसारी, गुलाब पाल, सिराजुल हक्क असद खान राममिलन पटेल मो. रफी एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी गई तथा पार्टी की विचारधारा और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने की बात की गई।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**विजयराघवगढ़।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवारा का दुर्गा बर्मन पिता भगवान दास बर्मन उम्र 35 वर्ष जो प्रतिदिन की तरह कल शाम लगभग 7 बजे घर से खेत में बसाई हेतु निकला था सुबह जब घर वापस नहीं गया तो उसकी घर वालों ने खोजबीन आरंभ की जहां खेत में पहुंचकर देखा गया की मृतक दुर्गा सगरा हार के खेत मे बने पम्प हाउस कै छप्पर की लकड़ी से रस्सी का फंद्दा लगाकर लटक रहा था।जिसकी सूचना घरवालों द्वारा पुलिस थाना बिजयराघव गढ़ दी गई ख़बर लगते ही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के निर्देशन में पुलिस बल लाश को कब्जे में लेकर शासकीय चिकित्सालय बिजयराघव गढ़ में डॉक्टर की जांच में मृत घोषित उपरांत पोस्ट मार्डम कर लाश परिजनों को सौप कर मामला जांच में लिया गया।

mgm HOSPITAL We Care with Care

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
**डॉ. हितेश लोकवानी**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 14/07/2021 एवं 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

उपलब्ध उपचार

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
**डॉ. हर्ष सक्सेना**
डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

उपलब्ध उपचार

सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।

माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72

**प्रारूप छ : 3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत) सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मांझी आदिवासी मछुआ सह. समिति मर्या. करेला पं.क्र. 86**

क्रमांक/नि.अ./2021/01 **सूचना** दिनांक-12.07.2021

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है।अतएव,सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय **कटनी**, विकासखंड **कटनी** कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा **बरही** के सूचना पटल पर दिनांक 12.07.2021 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12.07.2021 से दिनांक 20.07.2021 को दोपहर 2 बजे तक सोसाइटी कार्यालय करेला में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें कटनी में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 21.07.2021 को दोपहर 12 बजे से किया जावेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(एच.एन. प्रजापति) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**मांझी आदिवासी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित करेला पं.क्र. 86**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

# जो जिला कार्यकारिणी से चूकेंगे उन्हें समितियों में मिलेगी जगह

## भाजपा ने कार्यकर्ताओं को महत्व देने बनाया फार्मूला

कटनी। जिला स्तर की दो दर्जन से ज्यादा समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं को जगह मिल सकती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं को महत्व देने के लिए समितियों में एडजस्टमेंट को लेकर मंथन कर रहे हैं। बताया जाता है कि शीघ्र ही जिला संगठन की राय के आधार पर कार्यकर्ताओं को पदों से नवाजा जा सकता है। कांग्रेस सरकार ने समितियों को भंग कर दिया था किंतु भाजपा की सरकार आने के बाद इन पदों पर नियुक्यिां नहीं हुई हैं। कटनी के भाजपा कार्यकर्ता फिलहाल जिला कार्यकारिणी की घोषणा के इंतजार में हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में स्थान नहीं मिल पाएगा उन्हें समितियों में महत्व दिया जाएगा।

राजधानी भोपाल से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रियों को जिलों का प्रभार देने के बाद कार्यकर्ताओं के लिए नए फार्मूले पर विचार कर रहे हैं। यह जमावट जनवरी 2022 में संभावित नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है। दरअसल भाजपा कैडर बेस पार्टी है ऐसे में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। हाल ही में मंत्रियों को जिलों का प्रभार मिलने के बाद कार्यकर्ताओं को उम्मीद जगी है कि उन्हें जिले की शासकीय समितियों में जगह मिल जाएगी। इसी भावना को ध्यान में रखकर समितियों के गठन की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि इन समितियों में प्रभारी मंत्री अशासकीय सदस्यों को लिये जाने की अनुशंसा कर सकते हैं। जिसमें सबसे ज्यादा जगह योजना, आर्थिक एवं सांख्कीय विभागीय की समितियों में मिल सकती है। इस विभाग की जिला योजना समिति में दो अशासकीय सदस्यों को लिया जा सकता है। नगर निगम स्तर की समिति में 21 और नगरपरिषद में 7 सदस्यों के अलावा विकासखण्डस्तरीय समिति में 21 और पंचायत स्तरीय समिति में 7 लोगों एडजस्ट किया जा सकता है।

### इन समितियों में भी जगह

सूत्रों के मुताबिक पीएचई की जिला जल एवं स्वच्छता समिति में 3 सदस्य, जिला शहरी विकास अभीकरण की निकाय समिति में 3 सदस्य, रोगी कल्याण समिति, जिला स्तरीय सतर्कता समिति, जिला उपभोक्ता फोरम, विकासखण्ड स्तरीय सर्तकता समिति में दो-दो अशासकीय सदस्य प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर बन सकेंगे। इसके अलावा एकीकृत बागवानी विकास मिशन समिति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में एक-एक सदस्य बन सकेंगे। जेल विभाग की अशासकीय समिति में 6 सदस्य नामांकित हो सकेंगे। जबकि जिला कौशल समिति में 3, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की जिला प्रबंधकारिणी समिति और निगरानी समिति में 3-3, स्कूल शिक्षा विभाग की 3 समितियों में कुल 9 सदस्य बनाए जा सकेंगे। इस सबके अलावा जिला पुलिस शिकायत बोर्ड में जिला पंचायत के सदस्य या नगरीय निकाय के चुने हुए प्रतिनिधि को जगह दी जा सकती है।

### सत्ता परिवर्तन के बाद से खाली हैं पद

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश में हुए सत्तापरिवर्तन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस सरकार ने समितियों से हटा दिया था। कांग्रेस की सरकार चाहती थी कि भाजपा नेताओं इन समितियों से हटाकर कांग्रेस के लोगों को मौका दिया जाए, लेकिन ऐसा हो पाता तब तक सरकार चली गई। अब चूंकि मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं ऐसे में भाजपा सरकार इन नियुक्तियों के जरिए अपने कार्यकर्ताओं को महत्व देना चाहती है ताकि वे चुनावों में उत्साह के साथ जुट सकें।





# डिलेवरी के बाद जच्चा-बच्चा की मौत

## निजी नर्सिंग होम में परिजनों का हंगामा

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत न्यू एसीसी कालोनी स्थित एक निजी नर्सिंग होम डिलेवरी कराने पहुंची महिला व बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। नर्सिंग होम से लेकर परिजनों का हंगामा थाना परिसर तक चला। बाद में पुलिस की समझाईश पर परिजनों का हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी निवासी लक्ष्मण सेन परिवार सहित विश्राम बाबा क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। बताया जाता है कि लक्ष्मण की 37 वर्षीय गर्भवती पत्नी विनीता सेन को कल रविवार की दोपहर प्रसव पीड़ा उठी तो वो उसे तत्काल न्यूएसीसी कालोनी स्थित एक निजी नर्सिंग होम लेकर गया। जहां उससे डिलेवरी खर्च के रूप में 25 हजार रूपए जमा करवाए गए। जिसके बाद निजी नर्सिंग होम में विनीता की डिलेवरी हुई लेकिन इसी बीच उसकी अचानक हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई।

उधर डिलेवरी के बाद विनीता के नवजात ने भी दम तोड़ दिया। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर हंगामा मचाया। नर्सिंग होम में हंगामा करने के बाद परिजन जच्चा-बच्चा का शव लेकर कोतवाली पहुंचे और वहां भी जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का आरोप था कि महिला चिकित्सक की लापरवाही के कारण सकुशल डिलेवरी होने के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हुई है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# तालाब से नहाकर लौट रही वृद्धा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### अस्पताल पहुंचते ही तोड़ दिया दम, अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

**विजराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परसवारा नं.1 में बीते रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने का मामला संबंधित धाराओं के तहत दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसवारा नंबर 1 निवासी 60 वर्षीय केसर बाई सुबह 10-11 बजे के बीच नहाने ग्राम के ही तालाब में गई थी नहाकर तालाब से जब वह वापस लौट रही थी तभी बस स्टैण्ड के समीप किसी अज्ञात वाहन ने केसर बाई को टक्कर मार दी। वृद्ध महिला वाहन की ठोकर से अचेत होकर सड़क पर ही गिर गई इस बीच मौके का फायदा उठाकर वाहन चालक वाहन सहित भाग निकला। ग्रामीणों ने सड़क पर घायल पड़ी वृद्ध महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयराघवगढ़ पहुंचाया जहां कुछ देर बाद ही घायल महिला की मौत हो गई। अस्पताल की ओर से पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद विजयराघवगढ़ पुलिस की मौजूदगी में लाश का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस अब मामला दर्ज करने के बाद अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही।



# कुठला से चोरी गया ट्रक छत्तीसगढ़ में बरामद

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस को मिली सफलता

### आरोपी फरार, तलाश जारी

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत दुर्गा मंदिर के पास से चोरी गए ट्रक को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। चोरी गया ट्रक छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका के पास लावारिस हालक में खड़ा मिला। गौरतलब है कि शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत धनपुरी क्षेत्र निवासी शिवम मिश्रा ने कुठला थाना अंतर्गत दुर्गा मंदिर के पास खड़े ट्रक क्रमांक एम.पी.18एच-4739 के चोरी जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर ट्रक की पतासाजी शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रक की लोकेशन छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका में मिली। जिसे आरोपी सड़क किनारे खड़ा कर भाग गए थे। जिसके बाद पुलिस ट्रक को बरामद कर कटनी ले आई जबकि आरोपियों के संबंध में अभी कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में लगभग 16 लाख रूपए कीमती ट्रक चोरी जाने के मामले की पतासाजी में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक रजनीश भदौरिया, आरक्षक राहुल सोमवंशी, राकेश त्रिपाठी, अविनाश मिश्रा की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।



# अवैध रेत लोड ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

### जाजागढ़ में बरही पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत जाजागढ़ घाट से अवैध रूप से रेत भर कर जा रहे ट्रेक्टर ट्राली को पुलिस ने जप्त किया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एम.पी.54ए-8305 में जाजागढ़ नदी घाट से रेत भर कर ले जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद गैरतलाई तिराहा में ट्रेक्टर ट्राली को रोककर रेत से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। चालक पड़ोसी जिला उमरिया के ग्राम देवगवां निवासी विजय कुमार रावत किसी प्रकार के दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके कारण रेत लोड ट्रेक्टर ट्राली को थाने लाकर खड़ा कराया गया और कार्रवाई की गई। मामले में चालक के विरूद्ध धारा 379 व 4,21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के अलावा सहायक उपनिरीक्षक विनोद चौधरी, वाहन चालक आरक्षक रोहित सिंह व नगर सैनिक संजय दुबे की भूमिका रही।




यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033


### नाम परिवर्तन

सूचित किया जा रहा है कि नगर निगम द्वारा जारी राशन कार्ड में मेरे साथ पत्नी एवं पुत्रों के नाम शिवम तथा सुमित दर्ज किए गए हैं। इसमें से सुमित का नाम गलत है। सुमित का सही नाम अमित साहू है जो कि उसके समस्त रिकार्डों में दर्ज है। अतः सुमित का नाम बदलकर अमित साहू किया जाए। इस संबंध में मेरे द्वारा आयुक्त नगर निगम के समक्ष शपथ पत्र एवं आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**मनीराम साहू**
**पिता अमृतलाल साहू. चंद्रशेखर आजाद वार्ड, कटनी**

# अशासकीय महाविद्यालय संघ द्वारा पौधारोपण कल

**कटनी।** अशासकीय महाविद्यालय संघ द्वारा चड्ढा ग्रुप द्वारा संचालित बेलवेदर स्कूल में कल सुबह 10 बजे वृक्षारोपण किया जाएगा। बारडोली कॉलेज के साथी भाई मुकेश वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर पौधों का रोपण अशासकीय महाविद्यालय संघ के अध्यक्ष भाई सुकीर्ति जैन और चड्ढा ग्रुप के चेयरमैन जय चड्ढा के हाथों से वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की जाएगी। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राजपूत ने सभी महाविद्यालय के प्राचार्यों और समस्त संघ के साथियों से उपस्थित होने की अपील की है।








महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी
College Code 740(8) F/A200153
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)